Queensland Government

क्वींसलैंड में प्रवेश करने वाले लोगों के लिए जानकारी

विश्वव्यापी कोरोनोवायरस (COVID-19) महामारी के जवाब में क्वींसलैंड में प्रवेश करने वाले सभी लोगों को क्वारंटीन करना होगा, यदि पिछले 14 दिनों में वे:

- विदेश में रहे हैं
- घोषित हॉटस्पॉट में रहे हैं
- COVID -19 वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में आए हैं; या स्वयं उनके शरीर में कोई लक्षण है।

क्वींसलैंड में COVID-19 के फैलाव को रोकने के लिए अनिवार्य संगरोध करना आवश्यक है।

यदि आपके पास अन्यथा अनुमति न हो, तो आपको 14 दिनों के लिए सरकार द्वारा व्यवस्थित किए गए होटल में रहना होगा।

आपके आवास और दैनिक भोजन का प्रबंध क्वींसलैंड सरकार द्वारा किया जाएगा। जब आपको संगरोध नोटिस दिया जाएगा, तो आपको अपने लिए व्यवस्थित किए गए निवास-स्थल जाने के बारे में बताया जाएगा।

आपकी अपनी सुरक्षा के लिए ही संगरोध के दौरान आपका COVID-19 के लिए परीक्षण किया जाएगा। यदि आप इससे इनकार करते/करती हैं, तो आपको स्वयं अपने खर्चे पर और अधिक समय के लिए वहीं रहने की आवश्यकता होगी।

आपके संगरोध की समाप्ति पर आपको शुल्क का भुगतान करना होगा।

संगरोध शुल्क और भुगतान

संगरोध शुल्क में आपका आवास और दैनिक भोजन शामिल है और शुल्क की गणना निम्नलिखित के आधार पर की जाती है:

विवरण	दर
आवास, जिसमें सफाई शामिल है	$135 प्रति कमरा प्रति रात्रि
भोजन	$65 प्रति वयस्क व्यक्ति प्रति दिन $32.50 प्रति बच्चा/बच्ची प्रति दिन

ध्यान दें:

- अवयस्क/बच्चे/बच्ची को 3 वर्ष की आयु से अठारह वर्ष की आयु तक के रूप में परिभाषित किया गया है
- 3 वर्ष तक की आयु के शिशु का शुल्क नहीं लिया जाएगा
- भोजन शुल्क कम या माफ नहीं किया जाएगा।

इसके कुछ उदाहरण हैं, एक वयस्क के लिए $2,800, दो वयस्कों के लिए $3,710, और दो वयस्कों व दो बच्चों के लिए $4,620. संपूर्ण विवरण के लिए कृपया साथ दी गई लिए भुगतान की सूचना देखें।

होटल द्वारा आवंटित किसी भी अतिरिक्त कमरे का निवेदन आपके खर्चे पर होगा।

यह शुल्क क्वींसलैंड करदाताओं के ऊपर COVID -19 के आर्थिक भार को कम करेगा और आपके लिए संगरोध प्रदान करने का शुल्क चुकाने में सरकार की सहायता करेगा।

जब आप संगरोध समाप्त कर लेंगे/लेंगी, तो आपको लगभग 30 दिनों के अंदर भुगतान का बिल मिलेगा।

यदि आप नियत तिथि तक भुगतान नहीं कर सकते/सकती हैं, तो भुगतान योजनाएं उपलब्ध हैं। इनके विवरण इन्वॉइस में दिए जाएंगे।

आप इन्वॉइस प्राप्त करने के बाद शुल्क माफ किए जाने के लिए आवेदन भी कर सकते/सकती हैं। इसके लिए पात्र व्यक्तियों में वे लोग शामिल हो सकते हैं, जो आर्थिक कठिनाई का सामना कर रहे हैं और जिन्हें संवेदनशील माना जाता है, लेकिन यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। संपूर्ण मानदंड और आवेदन प्रक्रिया वेबसाइट www.health.qld.gov.au/covid-19-quarantine पर उपलब्ध है, या 134 COVID (13 42 68) पर कॉल करें।

संगरोध आवास

आप घर पर या किसी अन्य आवास में संगरोध नहीं कर सकते/सकती हैं। यह सरकारी व्यवस्था वाले होटल में होना चाहिए। इससे स्वास्थ्य जोखिम के प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

आपके आगमन पर आपको उपलब्ध स्थानीय सेवाओं की सूची प्रदान करने वाला एक सूचना पैक दिया जाएगा। आप अपने खर्चे पर UberEats जैसे टेकएवे और सुपरमार्केट डिलीवरी के ऑर्डर दे सकते/सकती हैं, या भोजन और अन्य वस्तुएँ उपलब्ध कराए जाने के लिए दोस्तों और परिवार के साथ व्यवस्था कर सकते/सकती हैं। अपने पसंदीदा ड्रॉपऑफ तरीके के बारे में जांच के लिए कृपया अपने होटल के कंसीयर्ज से पूछें।

आपके कमरे में खाना पकाने की सुविधाएँ नहीं होगी। दैनिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा और इनके शुल्क को संगरोध शुल्क से बाहर रखने का कोई विकल्प नहीं है। सभी आवास-प्रदाता अलग-अलग प्रकारों की आहार आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे। यदि आहार से संबंधित आपकी कोई विशेष आवश्यकताएँ हैं, तो अपने आगमन पर होटल स्टाफ को बताएँ।

आपको हर समय अपने लिए व्यवस्थित कमरे में रहना होगा। आप पूल या जिम जैसी किसी भी साझा होटल सुविधा का उपयोग नहीं कर सकते/सकती हैं।

होटल में आपको समर्थन देने के लिए लोग उपस्थित रहेंगे। आप मदद के लिए 1800 173 349 पर कम्युनिटी रिकवरी हॉटलाइन को भी कॉल कर सकते/सकती हैं।

COVID-19

यदि आपके शरीर में COVID-19 के कोई लक्षण (बुखार, खांसी, गले में खराश, सांस फूलना, नाक बहना या थकावट) मौजूद हैं, तो तुरंत किसी स्वास्थ्य अधिकारी या होटल के कर्मी को बताएँ। यदि आप बहुत बीमार हैं, तो आपातकालीन सेवाओं को 000 पर कॉल करें। यदि संभव हो, तो कृपया होटल के रिसेप्शन को बताएँ कि वहाँ एम्बुलेंस आ रही है।

यदि आप किसी पूर्ववर्ती चिकित्सीय रोग से ग्रस्त हैं जिसके लिए फॉलो-अप की आवश्यकता है, तो कृपया होटल को सूचित करें जो सहायता की व्यवस्था करेंगे।

और अधिक जानकारी

संगरोध शुल्क और छूट के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.health.qld.gov.au/covid-19-quarantine पर जाएँ या 134 COVID (13 42 68) पर कॉल करें।